संलग्नक-05 (5)

# कार्यवाही विवरण

मेसर्स हनुमंत एलॉयज (इण्डिया) प्राईवेट लिमिटेड, सिलपहरी औद्योगिक क्षेत्र, ग्राम–हरदीकला, तहसील–बिल्हा, जिला–बिलासपुर में स्थित प्लाट क्रमांक 657, कुल क्षेत्रफल–3.95 हेक्टेयर (9.76 एकड़) स्थापित DRI Kiln (Sponge Iron) - 15000 TPA (1x50 TPD) to 16500 TPA (increase in the no. of days from 300 to 330 days), New DRI Kiln (Spong Iron)-41250 TPA (1x125 TPD) के पर्यावरणीय स्वीकृति बाबत् दिनांक 08.10.2021 को दोपहर 12:00 बजे स्थान–ग्राम–हरदीकला, तहसील–बिल्हा, जिला–बिलासपुर (छ.ग.) स्थित 132 के.वी. सब स्टेशन सिलपहरी के पास मैदान में आयोजित लोकसुनवाई का कार्यवाही विवरण :–

भारत शासन पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली की ई.आई.ए. नोटिफिकेशन 14.09.2006 के प्रावधानों के अनुसार मेसर्स हनुमंत एलॉयज (इण्डिया) प्राईवेट लिमिटेड, सिलपहरी औद्योगिक क्षेत्र, ग्राम–हरदीकला, तहसील–बिल्हा, जिला–बिलासपुर में स्थित प्लाट क्रमांक 657, कुल क्षेत्रफल–3.95 हेक्टेयर (9.76 एकड़) स्थापित DRI Kiln (Sponge Iron) - 15000 TPA (1x50 TPD) to 16500 TPA (increase in the no. of days from 300 to 330 days), New DRI Kiln (Spong Iron)-41250 TPA (1x125 TPD) के पर्यावरणीय स्वीकृति के संबंध में लोक सुनवाई हेतु उद्योग के आवेदन के परिप्रेक्ष्य में स्थानीय समाचार पत्र दैनिक भास्कर, बिलासपुर में दिनांक 06.09.2021 तथा राष्ट्रीय समाचार पत्र द टाईम्स ऑफ इंडिया, नई दिल्ली मुख्य संस्करण में दिनांक 06.09.2021 को लोक सुनवाई संबंधी सूचना प्रकाशित करवाई गई थी। तद्नुसार लोक सुनवाई दिनांक 08.10.2021 को दोपहर 12.00 बजे स्थान–ग्राम–हरदीकला, तहसील–बिल्हा, जिला–बिलासपुर स्थित 132 के.वी. सब स्टेशन सिलपहरी के पास मैदान में आयोजित की गई। ई.आई.ए. अधिसूचना 04.09.2006 (यथा संशोधित) के प्रावधानों के अनुसार ड्राफ्ट ई.आई.ए. रिपोर्ट, कार्यपालक सार की प्रति (हिन्दी व अंग्रेजी) एवं इसकी सी.डी. (साफ्ट कापी) जन सामान्य के अवलोकन/पठन हेतु कार्यालय कलेक्टर बिलासपुर, कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बिलासपुर, अनुविभागीय अधिकारी (रा0), कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिल्हा, जिला–बिलासपुर, कार्यालय महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बिलासपुर, क्षेत्रीय कार्यालय, क्षेत्रीय अधिकारी, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, व्यापार विहार पं. दीनदयाल उपाध्याय पार्क के पास, बिलासपुर, सरपंच/सचिव कार्यालय, ग्राम पंचायत हरदीकला, तहसील–बिल्हा, जिला–बिलासपुर (छ.ग.), डायरेक्टर, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय, भारत सरकार, इंदिरा पर्यावरण भवन, वायु विंग, जोरबाग रोड़, नई दिल्ली, मुख्य वन संरक्षक, क्षेत्रीय कार्यालय (पश्चिम मध्य क्षेत्र), पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय,



क्षेत्रीय अधिकारी
छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल
बिलासपुर (छ.ग.)

भू–तल, पूर्व विंग, नया सचिवालय भवन, सिविल लाईन्स, नागपुर (महाराष्ट्र) एवं मुख्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, पर्यावास भवन, नॉर्थ ब्लॉक, सेक्टर – 19, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.) में रखी गई है। परियोजना के संबंध में सुझाव, विचार, टीका–टिप्पणियां एवं आपत्तियां सूचना प्रकाशन जारी होने के दिनांक से 30 दिन के अंदर क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, बिलासपुर में मौखिक अथवा लिखित रूप से कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित किया गया। इस दौरान लोक सुनवाई के संबंध में सुझाव, विचार, टीका–टिप्पणियां/आपत्तियों के संबंध में इस कार्यालय को कोई भी पत्र प्राप्त नहीं हुआ हैं।

लोक सुनवाई हेतु निर्धारित तिथि दिनांक 08.10.2021 को दोपहर 12.10 बजे स्थान–ग्राम–हरदीकला, तहसील–बिल्हा, जिला–बिलासपुर (छ.ग.) में आयोजित की गई। लोक सुनवाई की कार्यवाही आरंभ की गई।

सर्वप्रथम श्रीमती जयश्री जैन, अतिरिक्त कलेक्टर, कार्यालय कलेक्टर, जिला–बिलासपुर द्वारा लोक सुनवाई की कार्यवाही आरंभ करने की अनुमति के साथ देवव्रत मिश्रा, क्षेत्रीय अधिकारी, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, बिलासपुर द्वारा भारत शासन, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी ई.आई.ए. नोटिफिकेशन 14.09.2006 (यथा संशोधित) के परिपेक्ष्य में लोक सुनवाई के महत्व एवं प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी जनसामान्य को दी गई।

तत्पश्चात् परियोजना प्रस्तावक की ओर से श्री सुमीत अग्रवाल, के द्वारा मेसर्स हनुमंत एलॉयज (इण्डिया) प्राईवेट लिमिटेड, सिलपहरी औद्योगिक क्षेत्र, ग्राम–हरदीकला, तहसील–बिल्हा, जिला–बिलासपुर (छ.ग.) परियोजना के संबंध में संक्षिप्त जानकारी जनसामान्य को अवगत कराया गया।

अतिरिक्त कलेक्टर, कार्यालय कलेक्टर, जिला–बिलासपुर द्वारा उपस्थित जनसमुदाय को जनसुनवाई संबंधी विषय पर अपने सुझाव, आपत्ति, विचार, टीका–टिप्पणी मौखिक अथवा लिखित रूप से प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित किया गया।

तत्पश्चात् उपस्थित लोगों ने मौखिक रूप से सुझाव, विचार, टीका–टिप्पणियां दर्ज कराया गया। जिसका विवरण निम्नानुसार है :–

1. **श्री राजेश कुमार लहरे, हरदीकला** :–मैं कंपनी के इस प्रकार के लिए सहयोग देता हूँ। कंपनी से गुजारिश करता हूँ कि हमारे ग्रामवासियों को रोजगार देवें।
2. **श्री परमेश्वर प्रसाद, ग्राम–धूमा :–** कंपनी कार्य के लिए समर्थन करता हूँ। यहॉ सभी ग्रामवासियों को, यहॉ रोजगार उपलब्ध हो सकें।



**क्षेत्रीय अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

(7)

3. **श्री गजानंद, ग्राम–बसिया** :– मैं जन सुनवाई का समर्थन करता हूँ।

4. **श्री संजय कुमार कुर्रे, ग्राम–सिलपहरी** :– मैं शासन के जितने भी अधिकारी है, उनसे पूछता हूँ कि जवाब हमारा कौन देगा। बताया जाये। अभी कोई जवाब देय नहीं होगा। अभी जवाब कौन देगा मैं जो प्रश्न करूंगा जवाब कौन देगा। नहीं रख सकता स्वारी।

5. **श्री अज्जू धूरी, ग्राम–बसिया** :–इस जन सुनवाई का समर्थन करता हूँ। हमारे ग्रामवासियों को रोजगार मिले, और हमारे गांव का नाम रौशन हो। यही हमारा समर्थन है।

6. **श्री रामशरण कौशिक, ग्राम–हरदीकला** :– मैं जन सुनवाई का समर्थन करता हूँ।

7. **श्री संजय यादव, ग्राम पंचायत सिलपहरी** :– मैं जन सुनवाई का समर्थन करता हूँ।

8. **श्री परमेश्वर ध्रुव, ग्राम–बसिया** :–मैं जन सुनवाई का समर्थन करता हूँ।

9. **श्री केशव पाण्डेय, ग्राम–हरदीकला** :–कंपनी के माध्यम से प्रदूषण से सुरक्षा रहेगा। ग्रामीणों को 90 प्रतिशत रोजगार मिलेगा, तो तभी समर्थन करते है।

10. **श्री महेश सूरज** :– मैं जन सुनवाई का समर्थन करता हूँ।

11. **श्री छबिलाल प्रजापति, ग्राम पंचायत सिलपहरी** :– मैं जन सुनवाई का समर्थन करता हूँ।

12. **श्री रंजीत कुमार टंडन** :– मैं जन सुनवाई का समर्थन करता हूँ।

13. **श्री जितेन्द्र कौशिक, ग्राम पंचायत हरदीकला** :– जन सुनवाई का समर्थन करता हूँ।

14. **श्री राधेश्याम पाण्डेय** :–मेरे ग्रामीणों को भी रोजगार मिले। इसके लिए मैं आग्रह करता हूँ कि मैडम कुछ बोले। क्योंकि हम लोग ही बोले जा रहे है, मैडम कुछ बोलेंगे तब समझ आ पायेगा।

15. **श्री मुन्नू लाल यादव, ग्राम पंचायत सिलपहरी** :–आज जन सुनवाई का जो कार्यक्रम है और सबसे यहां पर जितने प्लांट है उसके साथ–साथ ही हनुमंत एलाय प्लांट छोटी सी कार्यक्रम को बढाने के लिए आप सबका सहयोग ले रहे है। ऐसा न हो कि आज कही जमीन का कही का कुछ कर रहे थे। सहयोग मांग रहे



**क्षेत्रीय अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

(8)

है। मैं चाहता हूँ कि आप सभी लोग जन सुनवाई में अपना आभार व्यक्त करें और साथ ही साथ आप सबको रोजगार की जनसुनवाई के अंदर, रोजगार के लिए बाहर कमाने–खाने जो जाते है। यही चाहता हूँ यहां प्लांट खुलने से हम लोग नहीं करेंगे काम लेकिन हमारे आने वाले पीढी, भविष्य हमारे बच्चे, परिवार यहां करीब में काम करेंगे। इसके लिए सबसे क्षमता चाहता हूँ कि अपना सहयोग प्रदान करें।

16. **श्री राजेश्वर धूरी, ग्राम–बसिया** :–मै हनुमंत एलायज का समर्थन करता हूँ। जितने भी यहां प्लांट खुले है, उसमें अगर हम सभी को अगर रोजगार मिलता है तो उसमें बहुत बडा सौभाग्य है।

17. **श्री प्रदीप कुमार यादव, ग्राम–बसिया** :– मैं जन सुनवाई का, कंपनी लगने से मुझे कोई आपत्ति नहीं है।

18. **श्री सत्य कौशल साहू, हरदीकला** :–मेरे को, जन सुनवाई से कोई आपत्ति नहीं है।

19. **श्री सतीश कुमार खाण्डेय, ग्राम–कोरमी** :–इस जन सुनवाई का समर्थन करता हूँ।

20. **श्री आशीष ध्रुव, ग्राम–बसिया** :– जन सुनवाई का समर्थन करता हूँ।

21. **श्री अमन साहू, हरदीकला** :– जन सुनवाई से सहमत।

22. **श्री उपेश वर्मा, हरदीकला सरपंच** :–पर्यावरण प्रदूषण के बारे में दो शब्द बोलना चाहता हूँ कि यहां इतना सारा फैक्ट्री खुला हुआ है यहां पर्यावरण के नाम पे किसी के भी फैक्ट्री में आके देख लीजिये यहां 10 ठो पेड़ नहीं लगा है। पर्यावरण संतुलन की जो बात कर रहे है रही बात पंचायत में, ये फैक्ट्री है आज तक सॉट नहीं किया है रोड़ टैक्स देना फजूल चाहते है मैं आपसे यही कहना चाहता हूँ कि व्यवस्था बनाये रखे, ये जो कंपनी खुल रहा है ये हमारे हरदीकला पंचायत में एक बोर दिया है। पहली बार लाईफ में इतने सालो में 25–30 साल में पहली कंपनी हरदीकला में खुला हुआ है। इन्होंने वहां पे 1.50 लाख का बोर दिया है। वार्ड नं. 02 में बोर दिया है आज तक किसी कंपनी वाले ने कही हेल्प नहीं किया है। ये पहली कंपनी है जिन्होंने ग्राम पंचायत हरदीकला को एक बोर दिये है। उसके लिए मैं समर्थन कर रहा हूँ और मैं ये चाहता हूँ कि पर्यावरण के संबंध में कलेक्टर महोदय से निवेदन करता हूँ कि आप यहां जाके कंपनी देखिये, यहां पूरे क्षेत्र में इतने पब्लिक है, किसान है, सब त्ररस्त है। यहां पर्यावरण के संबंध में ज्यादा उतावला होना पडेगा। मैं समर्थन में हूँ कंपनी का ।



क्षेत्रीय अधिकारी
छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल
बिलासपुर (छ.ग.)

(9)

23. **श्री अविनाश, ग्राम सिलपहरी, उप संरपंच** :—मैं जन सनुवाई में सम्मिलित हुआ हूँ मेरा यहां पे यही बात है यहां जो क्षेत्रीय लोग है, जो मजदूर यहां—वहां पे भटकते रहते है। उन्हे अधिक प्रतिशत में रोजगार दिया जाये। सीएसआर मद है, सीएसआर का उचित उपयोग करें। हमारे प्रभावित क्षेत्र है सिलपहरी और हरदी में उसी क्षेत्र में सीएसआर का अधिक से अधिक उपयोग करें और जितने भी आसपास के जनप्रतिनिधि है जितने भी कंपनियां हैं, उनका व्यवहार ठीक रहे। बस यही कहना चाहूंगा और जो सहमत है, प्लांट लगा रहे है मेरा समर्थन उनको है।

24. **श्री रविशंकर साहू, ग्राम नेवसा** :—मैं इस हनुमंत एलायज को लगभग 2 साल पहले से जान रहा हूं। जो भी ये छोटा सा आगे बढने वाला यूनिट हैं जो हर नये टेक्नॉलाजी को अपनाने वाला है। जिसके लिए मेरा समर्थन बहुत अच्छा है। ताकि हमारा देश ग्रामीण अच्छा से तरक्की करें। अपने बच्चो को अच्छा से टेक्नॉलाजी दे। उनका एज्युकेशन करवाये। इसलिए मैं इनको बहुत—बहुत अपने हार्दिक दिल से समर्थन करता हूँ।

25. **श्री दीपक कुमार यादव, ग्राम—बसिया** :— मै हनुमंत एलायज का सपोट करता हूँ।

26. **श्रीमती इंद्रमणी कौशिक, ग्राम पंचायत हरदीकला** :—सबसे पहली मैं एक बात से शुरूवात करना चाहथव। ये बहुत अच्छा बात है, कि कंपनी लगना ताकि आसपास के लोगों को काम मिलना चाहिए। लेकिन यहां पे 10 ठो कंपनी लगे हे। आज तक आसपास के लोग, मन ला, काम नहीं मिल पाईस, रहिस हे। अभी प्रथम बार है जन सुनवाई के माध्यम से हमर बात रखे के मौका मिले हवय। तो हम यही निवेदन करना चाहतथव। जो आसपास के हमर मजदूर दाई, भाई—बहन मन बेरोजगार हे, युवा भाई मन हवय। वो मन ला कंपनी लगथ हवय तो, तो कम से कम ओला रोजगार देवय। जैसे हमर आसपास मा, कंपनी हवय आज 8 से 10 कंपनी हवय। जो प्रदूषण इतना ज्यादा हवय कि ये रोड से चलना मुश्किल हो गये हे। कृपया एसडीएम महोदय, कलेक्टर महोदय से निवेदन है कि एक बार जन सुनवाई के बाद ये रोड़ के समीक्षा कर लिया जाये। प्रदूषण इतना है कि किसान मन के फसल, धान, पानी, फसल, ये सब बहुत चौपट हो गये हे। बहुत समस्या का सामना करना पड़थे। बेरोजगारी के सामना करना पडथे। ठीक है कंपनी लगे ऐखर बर समर्थन हे। लेकिन बेरोजगार भाई मन ला भी रोजगार मिल जाना चाहिए। जैसे एक चीज ला बोलना चाहत हव, हनुमंत भाई प्लांट वाला ला, बहुत—बहुत धन्यवाद देना चाहत हव कि ओ महिला मन के सपोट करीस। वो दरवाजा मा आईस, आज तक के कोई प्लांट वाला नई बोलिस हे, कि महिला मन



क्षेत्रीय अधिकारी
छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल
बिलासपुर (छ.ग.)

(10)

ला काम करये। लेकिन ये जो हनुमंत वाला साकेत भाई है जो वो तत्काल जाके स्वयं अपन हाथ से भूमि पूजन करके बोर खनन करवाईस। बोलीस जो भी आगामी काम होही वो मै करीहव। अगर प्लांट वाले सहयोग करतीस तो आसपास के गांव मा हमन ला सरकार के योजना के जरूवत नहीं पड़तीस। यहां पर 10 ठी प्लांट हे, तो एक–एक ग्राम ला गोद मा ले लेतीस, तो हमर गांव के विकास हो जतीस। हमर गांव के विकास के लिए हमला शासन के दरवाजा मा जाना नहीं पड़तीस। अगर एक–एक गांव 50 प्रतिशत मजदूर भाई ला रोजगार देतीस। तो हम ला दर–दर भटके के जरूवत नहीं पड़तीस। अभी तक अग्रवाल कंपनी और गीतांजली कंपनी हा आपमन के पास तो कई लिस्ट है एक भी चीज के लिए बोर खनन के लिए महिला मन जाथे तो ठीक है, कहके बोल देतीस। यही कंपनी है जो महिला के समस्या ला सुनिस और तत्काल ओखर काम के निराकरण करिस। ऐसने आप मन बोलहा कि कंपनी एक–एक गांव का गोद मा लेवा। गोद मा लेके गांव के विकास करा। हमर जितका युवा भाई मन हे तेका रोजगार देवा। ताकि हमर छत्तीसगढ़ शासन हे जो महत्वकांक्षी योजना हम ला देवत हे ओखर लाभ हम मन के क्षेत्रवासी ला मिलना चाहिए न कि जो यूपी बिहार से आये हे ठेकेदारी करत हे और वो ही मन सुपरवाईजर बन के बैठे हे। लेकिन हमर लईका मन न शिक्षा में कमी हे, न मेहनत में कमी हे। इनकर मन के मेहनत देखे जावन न शिखा मन ला देखत जावन। ऐखर मन से मैं एसडीएम महोदय एवं कलेक्टर महोदय से निवेदन करथव कि हमर क्षेत्रवासी मन के जितने भी बरोजगार वासी हे तेका रोजगार मिले जावय। हमर क्षेत्र के विकास के लिए 1 नहीं 50 उद्योग लगाओ, हमें कोई अंतर नहीं है अच्छी बात है। हमर क्षेत्र के लोगों को रोजगार मिलही और रोजगार मिलय के बाद ओखर आर्थिक स्थिति मजबूत बनही। यही कहना चाहत हव। ये जितना भी कंपनी में हमर बहन, महिला मन काम में आथे हमर प्लांट के जस्ट रोड़ मा जाथे शराब भट्ठी रोड में हवय। जेला हम मन जन प्रतिनिधि मन के तो हालत दुर्भर हो गये हे आने जाने में उमन मेहनत इतना ज्यादा करके शराब भट्ठी रोड मा हवय ओखर बर चार बर आंदोलन कर चुके हे। अब ऐसी स्थिति ना आ जाये कि रोड़ मा बैठे के महिला मन अपन आ जाय तत्काल आपसे निवेदन है कि ओ मेर से भट्ठी ला हटाकर कहीं साईड मा रखे। हमर बहनी मन रोजगार में आथे आने–जाने मा आसानी होवय। ये चीज ला मैं एक बार नहीं दस बार बोलना चाहथव। मोर ग्राम के सभी भाईमन आये हे युवा मन आये हे। जे मान बार–बार कलेक्टर से गोहार लगाये जा चुके हे। ओखर साथ यहां के एक–एक रोड़ ला कंपनी सहयोग करहीं गोद नामा ले, ले तभी हम मन ला शासन के योजना के



क्षेत्रीय अधिकारी
छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल
बिलासपुर (छ.ग.)

(11)

जरूवत नहीं पड़ही। कैसे भाईयों यही आप मन से निवेदन है कि आप मन प्लांट डालो। अच्छी बात हे, प्लांट के नहीं प्रदूषण का ध्यान रखते हुये बेरोजगारी को ध्यान में रखते हुए सब को रोजगार मुहैया करावा सबको युवा भाई व बहनी मन ला देवा।

27. **श्री श्रवण कुमार ध्रुव, ग्राम पंचायत हरदीकला सरपंच** :—आज हनुमंत एलायज के तरफ से कार्यक्रम रखे गये हे। पर्यावरण संबंधी। आज अतका दिन मा, हरदीकला मा फैक्ट्री लगत रहिस, हम सब देखे है, छोटे—बडे कार्यक्रम में पहुंचत रहेन। लेकिन बड़ा दुख कि बात है, बडा दुख लगथे, हमर यहां हरदीकला के आसपास लगे, हम ला कंपनी मन, जब हम चुनाव के जनप्रतिनिधि होथीन। हमका बीच मा रोक दिये जाथे, ये बडा दुख के बात हे। हम फैक्ट्री वालो को तो नई बोलथन कि हम अपन आसपास गांव के हरदीकला के सरपंच व सिलपहरी के सरपंच, कम से कम अंदर बैठाकर के मान—सम्मान तो कर सक थे। एक गिलास पानी तो पूछ सकत थे। लेकिन हमारे गांव में रहते हुए फैक्ट्री आज हमर गांव के जनप्रतिनिधि मन के ना एक गिलास पानी पूछिस ना ओखर तरीका से बात करिस। ये बडा दुख के बात हे। सही बात हे हमर पूर्व मा उपसरपंच जी बोलिस है आज तक अतका कन फैक्टी लगीस हे। लेकिन सही बात हे, जो हनुमंत फैक्ट्री अपन 2 साल के पूर्व मा जब हमर यहां महिला मन आईस तो ओखर सुनाई ला, रखिस तो तुरंत वो जगह ला देख के खुद भैया जा के भूमि पूजन कर बोर खनन कराईस। बहुत—बहुत धन्यवाद। भैया ला, हमला जब भी भैया मन के आवश्यकता पडथे। हम मन फोन के माध्यम से बात करथन। भैया बोलथे आप लोग जब कभी भी आईये स्वागत है। ओखर गार्ड मन ला भी समझ आथे कि हरदीकला के सरपंच हे या सिलपहरी के सरपंच हे। भैया ला फोन करके तुरंत बैठाथे पानी पिलाथे। ये बडा दुख की बात हे आसपास के फैक्टी और उद्योग लगे हे। मैं ये चाहथव कि कलेक्टर महोदय से कि ये सब चीज ला अवगत कराया जाये। हम गांव के जन प्रतिनिधि बने हे मात्र 5 साल के लिए हमर मान सम्मान नहीं करही तो काखर मान सम्मान करही भाई। हम सब आम जनता के बीच चुने गये हे न की एक व्यक्तिगत के बीच चुने गये हे ये बड़ा दुख के बात हे कोई भी छोटे—बडे कार्यक्रम रहथे। दुर्गा उत्सव कार्यक्रम हे पिछले बार, गणेश उत्सव कार्यक्रम रहिस हे तो हमन के अधिकार नहीं बनय क्या। जो हमला 1100 या 1000 रूपय दे सके। ये सब मन के जाथन। बड़ा दुख लगथे हमला। जो पंच मन ला, आज तक के हम मन अपन माध्यम से भेजे। लेकिन हमला गेट मा रोक दिये जाथे तो हम ला खुशी से मान सम्मान हमर गांव के आसपास सिलपहरी, हरदीकला के जो हम मन के जन



क्षेत्रीय अधिकारी
छतीसगढ पर्यावरण संरक्षण मण्डल
बिलासपुर (छ.ग.)

(12)

प्रतिनिधि बने हे ओखर कम से कम मान सम्मान से अंदर ले जाया जाये 01 गिलास पानी पूछे जाये। जो भी मालिक से बात कराया जाये। अभी तक जो भी हमर से बात नहीं करही जब भी जाथे तो बोलते भैया लंच में गये हे। यही तो हमार अधिकार है भाई। आज तक हरदीकला से कोई फैक्टी वाला का विरोध नहीं हुआ है। ये अच्छा बात है। ये स्थिति बने रही। मजबूरन हमर यहां 9500 की जनसंख्या है। हम तो कोशिश कर वो हमार मांग पूरा नहीं हो रहा है तो पूरा गांव वाले फैक्ट्री में घुस जाये। हमला बहुत–बहुत बढिया लगथे कि ये सब काम होते रहे। लेकिन हमर कोशिश हे। ये हमर हरदीकला ज्यादा बडे पंचायत तो नहीं है। कुछ–कुछ जगह एसे हे कि डस्ट की जरूवत पडथे। लेकिन डस्ट बर हम मन फोन करथन अपन यहां के फैक्ट्री वाला मन ला कि हमन के पास ट्रेक्टर नहीं है। वहां पर माल लोड करके भेज देंगे। लेकिन ऐसा कुछ नहीं होता है जेसीबी खराब हो गये हे ये सब बात तो रख सकत हे, सरपंच जी आप ट्रेक्टर भेज दिजिए। वहां से माल लोड करके भेज देंगे। लेकिन ऐसा कुछ नहीं होता है। लेकिन सही बात है हमारे जनपद सदस्य जेन बात रखिस हमर गांव हरदीकला बडे गांव है। हमर यहां फैक्ट्री होईस हे। पानी के बहुत समस्या है। फैक्ट्री में पानी के जरूवत पडथे वो हिसाब से हमर गांव हरदीकला मा वॉटर लेबल एतका नीचे गिर गये हे कि हम मन पाईप लाईन के माध्यम से पानी विस्तार करत हन। तो हमन चाहत हन की हर फैक्टी वाला मन हमला सहयोग दे। शासन के जो सहयोग रहिथे वो टाईट कर दिये हे। दोनो वर्ग मा पैसा ला डिवाईड करे बर पडथे। पैसा के जवाब हमला दिये बर पडथे तो हम मन कोशिश करथन कि हमर अतका कन फैक्ट्री हवय। कुछ सहयोग हो जाये। कुछ हम मन मिल के काम करबो। काम करे मा मजा आये और काम करबो तो सबके विकास हे। जो हमर माता मन बहनी मन आथे जाथे यहां फैक्ट्री वगैरह मा सही बात हे। माननीय हमर जनपद सदस्य महोदया वो जो बात रखिस हे इंद्राणी कौशिक सही बात हे। रोड़ मा अपन देशी शराब दुकान तो हे। लेकिन अपन बीच मा हमर पंचायत के तरफ से बिलासपुर जाकर कलेक्टर साहब से करे रहिस जगह भी चयन करके दे दिये गये हे प्रस्ताव करके दे दिये गये हे। लेकिन कुछ कारण वश कोविड–19 को देखते हुए वो कार्यक्रम अभी नहीं हो पाये हे। आज वो, कार्यक्रम आश्वासन दिये गये हे। बहुत जल्द वो कार्यक्रम ला करे जाये। वो जगह ला वहां से स्थानांतरण कर दिये जाये।

उपरोक्त वक्तव्यों के बाद अतिरिक्त कलेक्टर, कार्यालय कलेक्टर, जिला – बिलासपुर तथा क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा उपस्थित जन समुदाय से अपने विचार



क्षेत्रीय अधिकारी
छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल
बिलासपुर (छ.ग.)

(13)

व्यक्त करने का अनुरोध किया गया। किंतु जब कोई भी व्यक्ति अपने विचार व्यक्त करने हेतु उपस्थित नहीं हुआ तब लगभग 1:23 बजे अतिरिक्त कलेक्टर, कार्यालय कलेक्टर, जिला–बिलासपुर द्वारा लोक सुनवाई के दौरान आये विभिन्न मुद्दों के निराकरण हेतु परियोजना प्रस्तावक को आमंत्रित किया गया।

परियोजना प्रस्तावक की ओर से श्री सुमीत अग्रवाल मेसर्स हनुमंत एलॉयज (इण्डिया) प्राईवेट लिमिटेड, सिलपहरी औद्योगिक क्षेत्र, ग्राम–हरदीकला, तहसील–बिल्हा, जिला–बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा परियोजना के संबंध में लोक सुनवाई के दौरान उठाये गये मुख्य मुद्दों के निराकरण हेतु मौखिक रूप से उपस्थित जन समुदाय को अवगत कराया गया। लगभग 1:30 बजे अतिरिक्त कलेक्टर, कार्यालय कलेक्टर, जिला–बिलासपुर द्वारा लोकसुनवाई सम्पन्न होने की घोषणा की गई।

लोकसुनवाई स्थल पर लिखित में कोई आवेदन पत्र सुझाव/विचार/टीका–टिप्पणी प्राप्त नहीं हुई। स्थल पर उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति को आवेदक से परियोजना पर सूचना/स्पष्टीकरण प्राप्त करने का अवसर दिया गया। लोक सुनवाई के दौरान 26 व्यक्तियों के द्वारा मौखिक सुझाव/विचार/टीका–टिप्पणी एवं आपत्तियां अभिव्यक्त की गई, जिसे अभिलिखित किया गया। लोक सुनवाई में लगभग 100–150 व्यक्ति उपस्थित थे। उपस्थिति पत्रक पर कुल 57 व्यक्तियों द्वारा हस्ताक्षर किया गया। आयोजित लोक सुनवाई की वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी कराई गई।

| | |
|---|---|
| क्षेत्रीय अधिकारी<br>क्षेत्रीय कार्यालय,<br>छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल,<br>बिलासपुर (छ.ग.) | **अतिरिक्त कलेक्टर,**<br>कार्यालय कलेक्टर,<br>जिला–बिलासपुर |

क्षेत्रीय अधिकारी
छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल
बिलासपुर (छ.ग.)